Publication	Page No	Date
Nai Duniya (Delhi/Gurgaon/Noida)	15	09 November’ 11

इंडियन ओपन में हिस्सा लेंगी 108 महिला गोल्फर

नई दिल्ली। हीरो महिला इंडियन ओपन नौ से 11 दिसंबर तक गुड़गाँव के डीएलएफ एंड कंट्री क्लब में खेला जाएगा, जिसमें 26 देशों की 108 गोल्फर हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट 54 होल में खेला जाएगा, जिसमें कुल तीन लाख डॉलर की पुरस्कार राशि दी जाएगी। महिला गोल्फ एसोसिएशन ऑफ इंडिया की अध्यक्ष कविता सिंह ने पत्रकारों से चर्चा में कहा- इंडियन ओपन में यूरोप से 45, एशिया से 35 और भारत से 20 खिलाड़ी हिस्सा लेंगी। इन 20 में 12 प्रोफेशनल शामिल हैं। भारतीय खिलाड़ियों मे स्मृति मेहरा, शर्मिला निकोलेट, नलिनी सिंह सिवाच, नेहा त्रिपाठी और अदिति अशोक अपनी दावेदारी पेश करेंगी। विजेता खिलाड़ी को यूरोपियन टूर में दो वर्ष खेलने की छूट मिलेगी। इंडियन ओपन में इस बार वे आठ खिलाड़ी उतर रहीं, जिन्होंने वर्ष 2011 में कुल दस खिताब जीते हैं।